दिन—मंगलवार दिनांक— 17 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकिनगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी है। उड़ान योजना के तहत इन हवाई अड्डों को विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक में प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना को भी मंजूरी प्रदान की है। अब दलहन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा क्षेत्र में विकास के कई निर्णय लिए हैं। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बड़े पैमाने पर पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापन की जगह के निकट आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नई नीति को भी मंजूरी प्रदान की गयी है। नई नीति के तहत निजी मकान मालिकों के साथ समझौता कर महिला कर्मियों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसका भुगतान राज्य सरकार करेगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य में स्पोर्ट्स इंजरी इकाई की स्थापना, ग्राम पंचायत कार्यालयों में आठ हजार से अधिक पदों पर बहाली समेत बीस एजेंडों पर मुहर लगी है।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य सरकार पर बेरोजगारी और मंहगाई की समस्या को लेकर अनदेखी का आरोप लगाया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि युवाओं को न तो रोजगार मिल रहा है और ना ही उनकी शिक्षा तथा स्वास्थ्य की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में राज्य की जनता इन्हीं मुद्दों पर सरकार को जवाब देगी।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने देश के अलग अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की है। श्री गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के आगमन की अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया के रास्ते राज्य में दक्षिण—पश्चिम मॉनसून का प्रवेश होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक पचासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश सीवान जिले के अंदार में दर्ज की गयी। वहीं, भागलपुर, पश्चिम चंपारण, सहरसा और सारण के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। राजधानी पटना समेत दक्षिणी बिहार के अधिकतर भागों में भी आंशिक रूप से बादल छाये हुए हैं। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, जमुई, बांका और नवादा जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

इधर, नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण पश्चिम चंपारण के बगहा में भपसा नदी में अचानक आई बाढ़ से नुकसान हुआ है। लोगों को आने—जाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं, कैमूर जिले के विभिन्न भागों में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

———————————————————————

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में चौदह लोगों की मौत हो गई। बक्सर जिले में सबसे अधिक चार लोगों की मृत्यु हुई, वहीं पश्चिमी चंपारण और कटिहार में भी तीन—तीन लोग मारे गये। कल शाम बिजली गिरने से कैमूर, लखीसराय, सीतामढ़ी और भागलपुर जिलों में भी एक—एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से मानसून पूर्व वर्षा को देखते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। इस दौरान बिजली गिरने और गरज के साथ आंधी आने की आशंका है।

---

पटना स्थित अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, एएन कॉलेज का स्थापना दिवस समारोह कल मनाया जाएगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां इस अवसर पर बिहार विभूति डॉक्टर अनुग्रह नारायण सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

---

अरवल के जिलाधिकारी कुमार गौरव ने वंशी प्रखंड कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान और अन्य कार्यों का निरीक्षण किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।